# वीयू – ने मनाया 14 वां स्थापना दिवस

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में विश्वविद्यालय का 14 वां स्थापना दिवस मनाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. गोविन्द प्रसाद मिश्र जी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी ने की कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ किया गया, मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ शाल तथा श्रीफल भेंटकर किया गया, अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी ने विश्वविद्यालय के 14 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई देते हुए कुलसचिव, लेखनियंत्रक, शिक्षण एवम् अनुसन्धान तथा विस्तार सेवाओं में अपना योगदान देने वाले पदाधिकारियों, एवम् सहयोगियों की मुक्त मन से सराहना की, कुलपति महोदय ने विगत दिनों रसिया से हुए अनुबंध के विषय, एवम् शोध तथा लोकसंस्कृति संबंधी कार्यों के हेतु आदान–प्रदान व्यवहार के लिए भी सफल संकेत दिए, विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्राओं तथा पशुपालकों के हित हेतु विभिन्न संस्थाओं से आगामी समय में करार होने की बात रखी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन भाषण में विश्वविद्यालय के 14 वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के क्रमिक विकास को देखकर प्रसन्नता होती है, कि सभी के सार्थक प्रयासों से विश्वविद्यालय लगातार प्रगति पथ पर बढ़ रहा है, साथ ही राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के संकल्पों को साकार रूप मिल रहा है, इसी तरह गतिमान विश्वविद्यालय निश्चित ही एक दिन मील का पत्थर साबित होगा,

विश्वविद्यालय आज राष्ट्र ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित कर रहा है, मुझे विश्वास है कि एक दिन यह विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 10 विश्वविद्यालय में भी अपना स्थान बनाने में सफल होगा, कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत

जोशी, अनुसन्धान निदेशक डॉ. एस.एस. तोमर, निर्देश निदेशक डॉ. सुनील नायक, लेखा नियंत्रक श्री कोरी, प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. जी.पी. लखानी, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. एस. घोष, डॉ. एस. कारमोरे, डॉ. पी.के. सिंह, आई.पी.आर.ओ. डॉ. सोना दुबे, डॉ. गर्ग, इंजी ए.के. सिंह, सहायक कुल सचिव, निधि भलावी, प्राध्यापकगण तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे, आभार व्यक्त करते हुए कुलसचिव जी ने कहा कि वर्तमान कुलपति प्रो. तिवारी जी के कार्यकाल में विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति हुई है, साथ ही हम सभी को एकजुट होकर वि.वि. को और आगे ले जाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्र जी द्वारा किया गया

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर